आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 30.03.2026
समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा – वैश्विक अनिश्चितता के कारण विश्व की मुद्राओं में अस्थिरता, परन्तु भारतीय अर्थव्यवस्था की बुनियाद मजबूत।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने "उत्तराखंड साहित्य भूषण सम्मान" से डॉ. जितेन ठाकुर को सम्मानित किया। कई वरिष्ठ रचनाकारों को मिला "दीर्घकालीन उत्कृष्ट साहित्य सृजन पुरस्कार"।
- परिवहन मंत्री प्रदीप बत्रा ने चारधाम यात्रा के लिए हरिद्वार में ग्रीन कार्ड व्यवस्था का शुभारंभ किया।
- पौड़ी जिले में एलपीजी गैस की सुचारू आपूर्ति के लिए 112 प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण। चम्पावत जिले में रोस्टर के आधार पर गैस सिलेंडरों का हो रहा वितरण।

--------

**<u>वित्त मंत्री</u>**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने संसद में भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती का उल्लेख करते हुए कहा कि रुपये का मूल्य बाजार से प्रेरित है और वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत के व्यापक आर्थिक आधारभूत तत्व मजबूत बने हुए हैं। आज लोकसभा में रुपये के अवमूल्यन पर प्रश्नकाल के दौरान जवाब देते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था के आधारभूत संकेतक मजबूत हैं।

श्रीमती सीतारामन ने कहा कि वैश्विक अस्थिरता दुनिया भर की मुद्राओं को प्रभावित कर रही है और विनिमय दर के दबाव का सामना करने वाला भारत अकेला देश नहीं है।

**<u>साहित्य सम्मान</u>**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज मुख्यमंत्री आवास में आयोजित उत्तराखंड साहित्य गौरव सम्मान समारोह में उत्तराखंड के सर्वोच्च साहित्यिक सम्मान– "उत्तराखंड साहित्य भूषण सम्मान" से डॉ. जितेन ठाकुर को सम्मानित किया। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने डॉ. बुद्धिनाथ मिश्र, श्याम सिंह कुटौला, डॉ. प्रीतम सिंह, केसर सिंह राय और अताए साबिर अफजल मंगलौरी को "उत्तराखंड दीर्घकालीन उत्कृष्ट साहित्य सृजन पुरस्कार" से सम्मानित किया। श्री धामी ने विभिन्न विधाओं में उत्कृष्ट साहित्यकारों और "युवा कलमकार प्रतियोगिता" के विजेताओं को भी सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी सम्मानित साहित्यकारों को बधाई देते हुए कहा कि वे अपनी रचनात्मकता के माध्यम से राज्य की सांस्कृतिक और साहित्यिक विरासत को समृद्ध करने के साथ नई पीढ़ी तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार साहित्य और संस्कृति के संरक्षण व संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध है।

## पुलिस सम्मान

हरिद्वार के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत सिंह भुल्लर की अध्यक्षता में आज पुलिस कार्यालय रोशनाबाद में एक सम्मेलन आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिले के विभिन्न थानों और शाखाओं से पहुंचे पुलिसकर्मियों ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के समक्ष अपनी समस्याएं रखीं। श्री भुल्लर ने पुलिसकर्मियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए कई मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया, जबकि शेष के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने पुलिसकर्मियों को आमजन के साथ मधुर व्यवहार बनाए रखने और मित्रता पुलिसिंग को प्राथमिकता देने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर महत्वपूर्ण योगदान देने वाले 41 पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया गया। इनमें पांच महिला पुलिसकर्मी भी शामिल हैं।

## चारधाम/ग्रीन कार्ड

प्रदेश में आगामी 19 अप्रैल से शुरू हो रही चारधाम यात्रा के सफल और सुरक्षित संचालन के लिए परिवहन विभाग ने व्यावसायिक यात्री वाहनों के लिए आज से "ग्रीन कार्ड प्रणाली" की शुरुआत कर दी है। परिवहन मंत्री प्रदीप बत्रा ने हरिद्वार जिले के रोशनाबाद स्थित एआरटीओ कार्यालय में इसका शुभारंभ किया। ग्रीन कार्ड प्रणाली के माध्यम से चारधाम यात्रा में शामिल व्यावसायिक वाहनों की तकनीकी फिटनेस और सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। यह प्रणाली न केवल वाहनों की फिटनेस की पुष्टि करेगी, बल्कि आपात स्थिति में वाहन से जुड़ी सभी आवश्यक जानकारियां भी तुरंत उपलब्ध कराएगी। परिवहन विभाग के अनुसार वाहन स्वामी विभाग की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर निर्धारित शुल्क जमा कर सकते हैं। इसके बाद नजदीकी परिवहन कार्यालय में वाहन का तकनीकी निरीक्षण कराने पर ग्रीन कार्ड जारी किया जाएगा। परिवहन मंत्री ने बताया कि चारधाम यात्रा के दौरान तीर्थयात्रियों की सुरक्षा और सुविधा के लिए इस तरह की तकनीकी और प्रशासनिक पहलें आगे भी जारी रहेंगी।

## गैस आपूर्ति/निरीक्षण

पौड़ी जिले में एलपीजी गैस की आपूर्ति व्यवस्था को पारदर्शी बनाने और अनियमितताओं पर रोक लगाने के लिए जिला प्रशासन व पूर्ति विभाग का व्यापक औचक निरीक्षण अभियान लगातार जारी है। अभियान के तहत आज जिले के विभिन्न क्षेत्रों में गैस गोदामों, पेट्रोल पम्पों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की सघन जांच की गई। इस दौरान विभागीय टीमों ने 112 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। इनमें सात गैस गोदाम, दो पेट्रोल पंप और 103 व्यावसायिक प्रतिष्ठान शामिल रहे। पाबौ और पौड़ी में एक–एक प्रतिष्ठानों में अनियमितता पाए जाने पर जुर्माने की कार्रवाई की गई। जबकि श्रीनगर गैस गोदाम में कार्रवाई के दौरान नौ सिलेंडर संदिग्ध परिस्थितियों में पाए जाने पर जब्त किए गए। जिला पूर्ति अधिकारी अरुण कुमार वर्मा ने बताया कि जिले में एलपीजी गैस की आपूर्ति व्यवस्था को पारदर्शी बनाए रखने के लिए लगातार निरीक्षण किए जा रहे हैं। जहां भी गड़बड़ी मिल रही है, वहां तत्काल कार्रवाई की जा रही है और यह कार्रवाई आगे भी सख्ती से जारी रहेगी।

## गैस आपूर्ति चम्पावत

चम्पावत जिले में घरेलू और व्यावसायिक गैस की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जगह–जगह रोस्टर के आधार पर गैस सिलेंडरों का वितरण किया जा रहा है। जिले के चारों विकासखण्डों की गैस एजेंसियां, शहरी और ग्रामीण क्षेत्रो में रोस्टर के आधार पर सिलेंडरों का वितरण कर रही हैं। जिलाधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि जिले में घरेलू गैस की आपूर्ति, पहले की मांग के अनुरूप शत–प्रतिशत सुनिश्चित की जा रही है। वहीं व्यावसायिक गैस सिलेंडरों के कोटे में भी उल्लेखनीय वृद्धि की गई है। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे प्रशासन द्वारा निर्धारित गैस वितरण रोस्टर का पालन सुनिश्चित करें।

वहीं, उपभोक्ता विवेक ने प्रशासन की गैस वितरण व्यवस्था की सराहना करते हुए कहा कि लोगों को निर्धारित दरों पर ही गैस उपलब्ध हो रही है।

## नगर निगम अपील

नगर निगम देहरादून ने शहर के सभी करदाताओं से अपना बकाया भवन कर और व्यवसायिक कर कल 31 मार्च तक अनिवार्य रूप से जमा कराने की अपील की है। एक विज्ञप्ति में नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि अगर बकाया कर, कल तक जमा नहीं किया जाता है, तो पहली अप्रैल से देय कर पर नियमानुसार दण्ड शुल्क लगाया जाएगा। नगर निगम की ओर से कर जमा करने की प्रक्रिया को सरल और सुविधाजनक बनाया गया है। नागरिक अपने नजदीकी निगम कार्यालयों के साथ ही ऑनलाइन माध्यमों के जरिए भी कर का भुगतान कर सकते हैं। इससे समय की बचत के साथ ही भीड़भाड़ से भी बचा जा सकता है।